6-JAN-CORIYA -pg-1-JACKET_Layout 1 1/6/2024 8:54 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर




since 1993

# अब कोटा क्यों जाए
## कोटा अब आपके शहर भिलाई में
कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

**ADMISSIONS OPEN** For Session 2024-25


# CAREER POINT
BHILAI CENTRE

For Details Call: 90399-57770, 90399-57771 | Mail: bhilai@cpuniverse.in

Add: 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers



# भीड़ से घिरे बॉबी देओल का निकलना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** फिल्म 'एनिमल' से बॉबी देओल की पॉपुलैरिटी अचानक काफी बढ़ गई है। वह जहां भी जा रहे हैं फैन्स की भीड़ उन्हें घेर ले रही है। कुछ दिनों पहले ही एक महिला उनके लिए गिफ्ट लेकर आई। इस बीच अब बॉबी का एक वीडियो आया है जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिख रहे हैं। वह बिना किसी सिक्योरिटी के हैं और अकेले ही चल रहे थे कि तभी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जो उनके साथ एक तस्वीर खिंचवाना चाह रही थी। इतनी भीड़ के बावजूद बॉबी शांत और कूल रहे और कईयों के साथ तस्वीरें क्लिक कराईं। विरल भयानी ने वीडियो शेयर किया है। बॉबी स्लीवलेस हुडी, जींस और ब्लैक टोपी में हैंडसम लगे।

## लाइफ Style



# अनन्या
## शेयर कीं बॉयफ्रेंड की तस्वीरें

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन अनन्या पांडे इन दिनों आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने डेटिंग को लेकर चर्चा में हैं। भले ही अनन्या और आदित्य ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन उनके जेस्चर्स रिलेशनशिप को कन्फर्म करने के लिए काफी हैं।

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर एक साथ नया साल मनाने के लिए लंदन गए थे। लंदन से रूमर्ड कपल की न्यू ईयर सेलिब्रेशन की फोटो भी सामने आई थी, जिसमें दोनों दोस्तों के साथ पोज देते हुए नजर आए थे। इस फोटो में अनन्या और आदित्य को ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्विनिंग करते हुए भी देखा गया था। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद कन्फर्म हो गया था कि दोनों साथ में लंदन गए थे। बीते दिन अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर लंदन से वेकेशन मनाकर मुंबई लौटे। अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वेकेशन की खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं, लेकिन सोलो। अनन्या द्वारा शेयर की गई एक भी फोटोज में आदित्य रॉय कपूर नजर नहीं आ रहे हैं। एक फोटो में अनन्या एक रिंग बेल को प्रेस करती दिख रही हैं, जिस पर लिखा है, 'अटेंशन के लिए बेल बजाइए।' एक फोटो गिलहरी की है, जिसे देख सोशल मीडिया स्टार ओरी ने कमेंट कर अनन्या को गिलहरी बता दिया। एक फोटो अनन्या की कैंडिड है, जिसमें वह नदी के किनारे ढेर सारे पक्षियों के पास खड़ी हैं। एक फोटो में अनन्या खाना एन्जॉय कर रही हैं तो एक में बुक पढ़ रही हैं। एक जगह अभिनेत्री को स्कैटिंग करते हुए पोज देते देखा जा सकता है।

## हॉलीवुड मसाला




# कैरी हुई बुरी तरह घायल

**लॉस एंजिलिस।** 'ब्लैक पैंथर' एक्टर और स्टंटवुमन कैरी बर्नांस साल के पहले ही दिन खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गई हैं। 1 जनवरी, 2024 को न्यूयॉर्क में उनके साथ एक हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी. राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नांस को कई फ्रैक्चर हुए. उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। एक बयान के मुताबिक, 29 साल की कैरी बर्नांस को 1 जनवरी को लगभग 1:30 बजे मैनहट्टन में चिरप रेस्टोरेंट के आउटडोर डाइनिंग एरिया में एक ड्राइवर की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आईं।



# पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने फैन्स को चौंकाया

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने म्यूजिक इंडस्ट्री छोड़ने की घोषणा करके फैन्स को चौंका दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एल्बम की अफवाहों का भी खंडन किया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। ब्रिटनी स्पीयर्स 2000 के दशक की प्रमुख गायिकाओं में से एक रही हैं। पॉप स्टार उन रिपोर्ट्स का जवाब दे रही थी, जो बुधवार की सुबह पेज सिक्स पर सामने आई थीं कि ब्रिटनी स्पीयर्स संभावित रूप से एक रिकॉर्ड के लिए चार्ली एक्ससीएक्स और लेखिका जूलिया माइकल्स को टैप कर रही थीं।



# तमन्ना ने लंदन में मनाया न्यू ईयर


**मुंबई।** इस बार का न्यू ईयर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के लिए बेहद स्पेशल रहा। आखिर इसे इस कपल ने लंदन में दोस्तों के साथ मनाया, और साथ में रोमांटिक पल भी बिताए। तमन्ना और विजय वर्मा पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अपना रिलेशनशिप भी ऑफिशियल कर चुके हैं। वो हर जगह साथ घूमते नजर आते हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए तमन्ना और विजय वर्मा लंदन में थे और खूब इंजॉय किया। लेकिन वहां तमन्ना को पिज्जा के बारे में एक खास बात पता चला, जिससे वह हैरान थीं। तमन्ना ने लंदन में मनाए न्यू ईयर का वीडयो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। तमन्ना और विजय ने लंदन पहुंचते ही वीडियो ब्लॉग बनाना शुरू कर दिया था।



# 'भूल भुलैया 3' को लेकर आया अपडेट

**मुंबई।** वर्ष 2007 में अक्षय कुमार और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' आई और हिट रही। इसके बाद 2022 में इसके सीक्वल में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए और ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही। अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने की तैयारी में हैं। काफी वक्त से 'भूल भुलैया 3' पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि मार्च से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूषण कुमार, अनीस बज्मी और कार्तिक आर्यन हाल ही में फिल्म पर चर्चा करने के सिलसिले में मिले। अनीस बज्मी जैसे क्रिएटिव इंसान और कार्तिक आर्यन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ इसके तीसरे पार्ट को बनाते हुए वे बेहद उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को देखकर आध्या को लगा झटका

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, अनुज के घर पहुंच गई है और वहां आध्या के बर्थडे के लिए खाना तैयार करती है। श्रुति ने खुद अनुपमा को बुलाया है। वहीं अनुज जिसको अनुपमा के पास होने का शक है, वह जल्द से जल्द घर जाकर देखना चाहता है कि आखिर जिस महिला को श्रुति ने बुलाया है वो कौन है। शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें आध्या अपने कमरे से नीचे उतरकर आती है और कहती है कि बहुत अच्छी खुशबू आ रही है। वह काफी खुश होते हुए आती है। श्रुति कहती है कि खुशबू बहुत अच्छी आ रही है और खाना भी बहुत शानदार है। आध्या फिर किचन में जाती है और वहां देखती है कि अनुपमा अंदर है और खाना बना रही है। श्रुति वहीं अनुज को फोन करती है कि तुम कहां हो। आध्या के दोस्त आ गए हैं और मैं तुम्हें मिलवाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। अनुज कहता है कि बस मैं आ रहा हूं। वहीं आध्या अनुज को बार-बार फोन करती है ताकि वह घर ना आए। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं हो सकता। मैं अनुपमा को पॉप से नहीं मिलने दे सकती। मुझे कैसे भी करके ये रोकना होगा। अब क्या अनुपमा और अनुज फाइनली एक-दूसरे के सामने आएंगे या आध्या की ट्रिक काम आएगी।

## झंडे गाड़ चुकी फिल्म 'सलार' नीचे लुढ़की

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'सलार' की कमाई रोज दहाड़ लगा रही है। ये फिल्म साउथ की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में जा पहुंची है। प्रशांत नील के डायरेक्टशन में बनी इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरसा रहे हैं।



सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज इस फिल्म ने पहले दी दिन दुनिया भर में 158.10 करोड़ की बम्पर कमाई कर धुआं उड़ा दिया। खैर, अब 12 दिनों बाद फिल्म की कमाई घटने लगी है और इस मंगलवार को इसने सबसे कम कमाई की है। इस फिल्म ने न्यू इयर पर भी खूब धुआं उड़ाया लेकिन पहले मंगलवार को यानी 12 वें दिन इसने अब तक की सबसे कम कमाई की। 'सलार' 7.50 करोड़ पर जाकर सिमट गई। कुल मिलाकर इस फिल्म ने 369.37 करोड़ की कमाई कर डाली है।

# शिल्पा और सिद्धार्थ का जोरदार एक्शन




**मुंबई।** फाइनली इंतजार खत्म हुआ। रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। सीरीज से शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी पर डेब्यू भी कर रहे हैं। इसके अन्य कलाकारों में विवेक ओबेरॉय और शरद केलकर हैं। रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स को एक अलग लेवल पर ले गए हैं। इसकी कहानी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर है जो एक आतंकी की तलाश कर रही है। उसके बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। सिद्धार्थ, विवेक और शिल्पा की टीम है जो एक आतंकी हमले के बाद उस आतंकवादी को खोजने में जुटी है। ट्रेलर में दिल्ली के कई हिस्सों को दिखाया गया है। हर फ्रेम के साथ रहस्य और भी गहराता जाता है और आखिर में एक विस्फोट होता है। रोहित की यह कॉप यूनिवर्स एक अलग दुनिया में लेकर जाती है। ट्रेलर में शिल्पा और सिद्धार्थ का एक्शन भी देखने को मिलता है। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका निर्देशन रोहित और सुश्वंथ प्रकाश ने किया है। सीरीज को रोहित ने क्रिएट किया है।

# राहा को एक हाथ में टांगे निकले रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर की पहली झलक जब से लोगों को दिखी है, तब से बस वो नन्ही परी की तारीफ किए जा रहे हैं। क्रिसमस पर पहली बार रणबीर और आलिया ने बेटी राहा को दुनिया के सामने दिखाया था। उनकी प्यारी सी झलक देखकर इंटरनेट पर जैसे बहार आ गई हो। क्यूट सा राहा को देखकर एक ही दिन में सब दीवाने हो गए थे। अब एक बार फिर से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी की दूसरी झलक इंटरनेट पर सामने आ गई है। राहा को खूबसूरत अंदाज में देखकर आपका भी दिल करेगा कि बलाएं ले लें। दरअसल नए साल के मौके पर जहां हर बॉलीवुड सेलेब छुट्टियां मनाने गया था, वहीं रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपने लाडली बेटी के साथ वेकेशन पर गए थे। अब वे दोनों वापस आ गए हैं और उनके साथ राहा भी हैं। एक नए वीडियो में इस क्यूट सी फैमिली की एक झलक दिखी, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्राइवेट एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे।



## 'दुल्हनिया 3' से नहीं हुई आलिया भट्ट की छुट्टी

*'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' की रिलीज के लगभग दस साल बाद इसका सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' फिल्म रिलीज की गई थी। वहीं अब इसके छह साल के बाद करण जौहर इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त लाने के लिए तैयार हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि 'दुल्हनिया 3' की कास्टिंग में बड़े बदलाव होंगे। कहा गया कि फिल्म में आलिया भट्ट की जगह वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। लेकिन, इस तरह के दावों को करण जौहर ने खारिज कर दिया है। करण जौहर ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की इंस्टा स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। इसमें उन्होंने मीडिया से कोई अनुमान न लगाने की गुजारिश की है। बीते दिनों खबर आई थी कि जान्हवी कपूर इस मशहूर फ्रेंचाइजी में आलिया भट्ट की जगह लेकर वरुण के साथ नजर आएंगी।*

## 'फाइटर' से 'सिंघम अगेन' तक, इन फिल्मों पर टिकी नजरें

# साल 2024 में बॉक्स ऑफिस पर जारी रहेगा कामयाबी का जश्न

***मुंबई।*** *बॉक्स ऑफिस पर बीता साल 2023 बहुत शानदार रहा। इस दौरान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बल्ले-बल्ले रही। खासकर साल 2022 में अपने सबसे बुरे दौर के बाद बीते साल बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड ने जोरदार वापसी की। एक साल में चार फिल्मों 'पठान', 'जवान', 'गदर 2' और 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया। वहीं, जवान 600 करोड़ क्लब में एंट्री करके हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यही नहीं, शाहरुख खान ने अपनी तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के सहारे एक साल में दुनियाभर में ढाई हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके नया रेकॉर्ड बनाया है।*

### बिना सुपर सितारों के बीतेगा साल

*साथ ही रणवीर सिंह भी इस साल बड़े पर्दे पर नजर नहीं आने वाले हैं। यानी इस साल बिना सुपर सितारों की फिल्मों के यह देखना दिलचस्प होगा कि बीते साल की तर्ज पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों सफलता का सिलसिला किस तरह कायम रहने वाला है। फिलहाल सबकी नजरें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर', अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन व रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'सिंघम अगेन' पर हैं।*

### क्या टूट पाएगा 1000 करोड़ का रिकॉर्ड

*बीते साल में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का स्वाद चखने के बाद बॉक्स ऑफिस के जानकारों की नजरें इस पर हैं कि आने वाले दिनों में कौन सी हिंदी फिल्म बीते साल की तरह दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए कमाई करने का कमाल दिखाने वाली है। क्या इस साल बीते साल का चार हिंदी फिल्मों का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का रेकॉर्ड टूटेगा? खास बात यह है कि बीते साल में बंपर प्रदर्शन करने वाले शाहरुख खान की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही, तो सलमान खान की फिल्म भी अब अगले साल ही रिलीज होगी।*



### आमिर की नहीं रिलीज हुई फिल्म

*इन सुपरस्टार्स के अलावा आमिर खान की भी कोई फिल्म इस साल रिलीज शेड्यूल में नहीं है। उनके प्रॉडक्शन हाउस की एक फिल्म जरूर इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसे उनकी सनी देओल स्टारर फिल्म माना जा रहा है। अभी तक यह तय नहीं है कि इस फिल्म से आमिर बतौर एक्टर जुड़ेंगे या नहीं। वहीं बीते साल 'एनिमल' से सुपर सक्सेस हासिल करने वाले रणबीर कपूर की भी इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होगी।*

### बॉक्स ऑफिस इस साल भी करेगा धमाल?

*'पठान' और 'जवान' के बंपर प्रदर्शन के बाद माना जा रहा था कि शाहरूख खान की फिल्म 'डंकी' भी दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करेगी। लेकिन यह फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। बावजूद इसके किंग खान अकेले ऐसे भारतीय एक्टर बन गए हैं, जिनकी दो फिल्मों ने एक साल में दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की। वहीं, सनी देओल की 'गदर 2' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद रही होगी। खास बात यह है कि पहले इन दोनों फिल्मों का बीते साल इंडिपेंडेंस डे पर क्लैश होना था।*

4 योजना तभी सफल, जब जरूरतमंद को मिले लाभ




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण दिवस आज

**मनेन्द्रगढ़।** संघ कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में 7 जनवरी को वृहत एकत्रीकरण का दिन निर्धारित है। नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनेन्द्रगढ़ के नीरज अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवक बंधुओं, सभी शाखा टोली, स्वयंसेवकों एवं अन्य दायित्वधारी से आग्रह किया है कि वृहत एकत्रीकरण में सम्मिलित हो।

### जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के अनुक्रमांक 04 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार भाई दूज 27 मार्च, दशहरा महानवमी 11 अक्टूबर तथा दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा 1 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने बताया कि 7 जनवरी को कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ में आयोजित बैठक को संशोधित करके 8 जनवरी को 3 बजे रखी गई है।

### स्काउट्स-गाइड्स का प्रबंधन शिविर

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग द्वारा शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 10 जनवरी तक किया गया है। इसमें जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिले से 7 स्काउट, 7 गाइड एवं 2 प्रभारी के साथ कुल 16 सदस्यीय टीम बीते 5 जनवरी को पचमढ़ी के लिए बैकुंठपुर रोड स्टेशन से जबलपुर एक्सप्रेस से रवाना हुए। स्काउटर विपिन कुजूर, गाइडर जानकी ध्रुव के साथ शाउमाशा चित्ताझोर पोड़ी से स्काउट लकी बंदिश, मोहम्मद रेहान, गाइड दीपिका, मुस्कान पटेल, शाउमाशा अकलासरई से स्काउट राधे कृष्णा, रामेश्वर, गाइड सावित्री, आसमा देवी, शाउमाशा रामगढ़ से स्काउट रामप्रताप, गाइड सीमा, रितु, शासकीय हाईस्कूल कुशहा से स्काउट समीर कुमार, लाला सम्मिलित हो रहे हैं। इस शिविर में प्रमुख रूप से राजेन्द्र गिरी पर्वत पर पर्वतारोहण, जटाशंकर, बायसन लॉज, पांडव कैंप गुफा, बी फॉल, अविभाजित भारत का सेंट्रल प्वाइंट इत्यादि जगहों पर ट्रैकिंग कराया जाएगा।

### मृतक के वारिस के लिए 8 लाख की राशि मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 8 लाख रुपए की राशि मंजूर दी है। तहसील बैकुंठपुर के ग्राम मदनपुर के फत्ते सिंह की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस भीम सिंह एवं ग्राम बडेसाल्ही के रतुराम की पानी डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस सोमार साय के लिए 4-4 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई है।

### वैद्य अपना पंजीयन अनिवार्य रुप से कराएं

**बैकुण्ठपुर।** परंपरागत औषधि संघ कोरिया के सचिव वैद्य अरूण शुक्ला ने बताया कि परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छग के पदाधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया है कि सरगुजा संभाग के सभी वैद्य अपना प्रमाणिकरण कराना चाहते हैं, वे 15 दिवस के अंदर वैद्य संघ के कोरिया जिलाध्यक्ष वैद्य रामप्रसाद राजवाडे एवं जिला सचिव वैद्य अरूण शुक्ला से संपर्क कर अपना प्रमाणीकरण करा सकते हैं। परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ कोरिया, एमसीबी, सूरजपुर, बलरामपुर तथा सरगुजा के वैद्य अपना प्रमाणिकरण अनिवार्य रूप से कराएं।

## 20 फीसदी तक बढ़ी आर्द्रता, धान खरीदी केन्द्रों में आफत

# रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में शुक्रवार की रात हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम में ठंडक बढ़ी रही। जिले के ज्यादातर इलाकों में शनिवार की सुबह से ही हवाएं चलने के साथ ही रिमझिम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। वहीं दूसरी ओर हुई रिमझिम बारिश से धान खरीदी केन्द्रों में भी अफरा-तफरा की स्थिति मची रही।

वर्तमान में अचानक बदले मौसम से बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। बूंदाबांदी के बाद मौसम में नमी बढ़ने से बैक्टीरिया इंफेक्शन और वायरल फीवर के मरीज जिला अस्पताल पहुंचने लगे हैं। इस मौसम की मार मंडी में रखे धान पर सबसे ज्यादा होने की संभावना है। जिले की ज्यादातर धान खरीदी केन्द्रों में शेड की व्यवस्था नहीं है, जिससे धन को बचाने के लिए केवल त्रिपाल ही सहारा है। मौसम में आए अचानक बदलाव के बाद मौसम विभाग ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है। जिले के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार की देर रात करीब 2 बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई, इससे सापेक्षिक आद्रता में करीब 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। 6 और 7 जनवरी को भी बूंदाबांदी होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि होगी, वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच भी मामूली अंतर देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में 6 से लेकर 7 किमी प्रति घंटा तक की गति से हवाएं चलेगी, इससे मौसम में बदलाव देखा जाएगा। वहीं अगले 5 दिनों तक हल्के बादल छाए रहेंगे। 6 और 7 जनवरी के आसपास जिले के कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना भी बनी रहेगी। हालांकि उसके बाद मौसम के शुष्क रहने की स्थिति बन रही है। मौसम के पूर्व अनुमान में जारी ऑकड़ों के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं मौसम में आद्रता की बात करें तो सुबह के समय 85 से लेकर 90 फीसदी तक और दोपहर के समय 40 से लेकर 45 फीसदी तक हवा में नमी रहने की संभावना बन रही है। आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना को देखते हुए धान की फसल को मंडी में खुले स्थान पर न रखने की सलाह दी गई है,वहीं सुरक्षित स्थान पर रखने से मंडियों में रखे धान को बचाया जा सकेगा।



हो रही रिमझिम बारिश।

### मौसमी बीमारी बढ़ने का खतरा

अचानक हुई बूंदाबांदी के बाद वातावरण में नमी की मात्रा 20 फीसदी तक बढ़ गई है। ऐसे में वायरल फीवर बैक्टीरियल संक्रमण जैसी बीमारियां होने का भी खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों की माने तो ऐसे मौसम में सबसे ज्यादा वायरल फीवर के मरीज देखने को मिलते हैं। शनिवार के दिन जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। ज्यादातर मरीजों में सर्दी-खांसी बुखार के मामले बताए जा रहे हैं।

### खुले में रखा धान, तिरपाल का सहारा

कोरिया एमसीबी की ज्यादातर धान खरीदी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे धान की बोरियों को रखा गया है। अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में शेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण खरीदे गए धान को ट्रिपल के सहारे ही ढककर रखा गया है। हल्की बूंदाबांदी से त्रिपाल के नीचे रखा धान भींगने से बच जाएगा ,लेकिन यदि बारिश ज्यादा हुई तो हजारों क्विंटल धान भींगने से शासन को बड़ा नुकसान होगा।

### गेहूं के लिए अच्छी है बूंदाबांदी

जानकार बताते हैं कि इस मौसम में गेहूं की फसल की खेती करने वाले किसानों के लिए यह बूंदाबांदी अमृत के समान होती है। इसी कारण इसे मावट वर्षा कहा जाता है। यह वर्षा मिट्टी में नमी को मनाई रखने में सहायता करती है,लेकिन वातावरण में नमी बढ़ने के बाद गेहूं की फसल में भी खरपतवार की संख्या में बढ़ोतरी होगी, ऐसे में कृषि विशेषज्ञ से परामर्श लेकर खरपतवार्नशी का उपयोग करने से फायदा मिलेगा।

# ई-फाइलिंग एवं मध्यस्थता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत सरकार के उपभोक्ता संरक्षण मामले में संयुक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के कोरिया जिले के नोडल अधिकारी अनुपम मिश्रा का तीन दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने बैकुंठपुर स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का किया निरीक्षण। छग राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग छग में एक अर्ध न्यायिक आयोग है, जिसे 2003 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत स्थापित किया गया था। इसका मुख्य कार्यालय रायपुर सीजी में और सर्किट बेंच बिलासपुर सीजी में है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 47 (1) (ए) (प) में प्रावधान है कि राज्य उपभोक्ता आयोग के पास अधिकार क्षेत्र होगा। दस करोड़ रूपए तक की शिकायत पर विचार करने के लिए और आदेशों से उत्पन्न अपीलीय और पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार भी होगा। जिला आयोगों के क्षेत्राधिकार में वे शिकायतें आएंगी, जहां वस्तुओं या सेवाओं के लिए किए गए भुगतान का मूल्य 50 लाख रूपए से ज्यादा न हो। जिला आयोग उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 41 में प्रावधान है कि जिला आयोगों के आदेश से पीड़ति कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेश के खिलाफ 45 दिनों की अवधि के भीतर राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील कर सकता है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान ने लंबित व निराकरण प्रकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया वर्ष 2022 एवं वर्ष 2023 में 2 हजार 278 प्रकरण था। इसमें से एक हजार 2 हजार 103 प्रकरणों का निपटारा किया है और 180 लंबित और 5 प्रकरणों को पुनः विचारनीय में लिया गया है इस तरह प्रकरण निपटाने में 92.2 रहा। संयुक्त सचिव श्री मिश्रा ने सबसे अधिक लंबित प्रकरण के बारे में जानकारी लेने पर अध्यक्ष ने बताया कि इंश्योरेंस का मामला ज्यादा अधिक है। श्री मिश्रा ने ई-फाइलिंग करने तथा मध्यस्था पर जोर देते हुए कहा कि आम उपभोक्ता आसानी उपभोक्ता फोरम के पोर्टल में जाकर अपना प्रकरण दर्ज करा सकते हैं, इसी तरह मध्यस्था से बहुत सारी समस्याएं दूर हो जाते हैं। उन्होंने उपभोक्ता के जनजागरण के लिए कार्यालय में पोस्टर या बोर्ड के माध्यम से जानकारी लगाने के निर्देश भी दिए तथा लंबित प्रकरणों शीघ्र निपटाने कहा गया साथ ई-फाइलिंग कार्य को बढ़ावा देने पर बल दिया।विदित हो कि आम उपभोक्ताओं को छोटे-छोटे वस्तुओं या सामग्रियों के नुकसान की भरपाई या उनके सही गुणवत्ता के लिए एजेंसी या दुकानदार के साथ आए दिन विवाद होने की खबर होते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा एजेंसियों, व्यापारी, निमार्ता, ऑटो डीलर और सेवा प्रदान करने वाली एजेंसियों के शोषणकारी रवैए के कारण कई उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ता है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से संसद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू किया गया था जो 24 दिसंबर, 1986 से लागू हुआ। यह अधिनियम उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने वाला एक सामाजिक कल्याण कानून है।



निरीक्षण करते संयुक्त सचिव अनुपम मिश्रा।

■ लंबित प्रकरणों को तत्काल करें निराकरण : मिश्रा

# विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने परीक्षा पे चर्चा

**बैकुण्ठपुर।** नए साल के शुरूआत के साथ ही आने वाले माह में विद्यालयों में परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा और इसके पूर्व प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सप्तम चरण में आगामी दिवस संबोधित करेंगे। इसमें कोरिया जिले के विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है, इसके लिए कक्षा 6 वीं से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों के साथ अभिभावक व शिक्षक ऑनलाईन पंजीकरण करा सकते हैं। जानकारी के अनुसार इसके लिए 12 जनवरी को अंतिम तिथि है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त कार्यक्रम में जिले के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने के लिए संस्था प्रमुखों को निर्देश जारी किए गए हैं और 8 जनवरी तक पंजीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थी परीक्षा से जुडे सवालों को प्रधानमंत्री से सीधे सवाल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री बच्चों के सवालों का जवाब देंगे और परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के मन में उपजे भय को दूर करने का प्रयास करेंगे। यही कारण है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए जिले से शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने के निर्देश किद गए हैं। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम चालू माह के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### दूसरी बार संभागायुक्त चुरेन्द्र ने संभाला पदभार

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग के नवपदस्थ आयुक्त जीआर चुरेन्द्र ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। 2003 बैच के आईएएस अधिकारी श्री चुरेंद्र इसके पूर्व भी संभागायुक्त के रूप में सरगुजा में काम कर चुके है और अब पुनः सरकार ने उन्हें इसी संभाग में काम करने का मौका दिया है। शासन द्वारा 3 जनवरी की देर रात जारी किए गए ट्रांसफर आदेश के बाद आज श्री चुरेंद्र ने संभागायुक्त के रूप कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व श्री चुरेन्द्र सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के पद पर पदस्थ रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद संभागायुक्त ने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।



# घर-घर पहुंचकर कर रहे अक्षत वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोरिया जिले सहित आसपास के क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

भाजपा नेता अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं श्रीराम मंदिर का चित्र लेकर घर-घर पहुंच रहे हैं। लोगों को प्रेम पूर्वक अक्षत के साथ ही साथ आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कचहरीपारा में भाजपा नेत्री श्रीमती मंजू जीवनानी एवं श्रद्धालुओं के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत एवं भगवान श्रीराम मंदिर का चित्र देकर आमंत्रण दिया गया। बैंड बाजे और भगवा ध्वज के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु लोगों के घर तक जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। श्रीमती मंजू ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा है। इस दिन भगवान श्रीराम का बाल रूप की मूर्ति अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि पर स्थापित किया जाएगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे। यह दिन सनातन इतिहास के लिए बेहद विशेष दिन है। भगवान श्रीराम के प्रति लोगों के मन में कितना निश्छल प्रेम है, इस बात का भौतिक अनुभव अक्षत वितरण के दौरान देखने को मिल रहा है। जब लोग अक्षत लेने के लिए पूजा की थाल लेकर दरवाजे पर आते हैं तो श्रीराम के इस कार्य में लगने के लिए मन प्रसन्न हो जाता। वहीं अक्षत वितरण में लगे श्रद्धालुओं ने सभी से आग्रह किया कि 22 जनवरी को अपने घरों में शाम के समय पांच दीप जरूर जलाएं तथा मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन करें।



अक्षत वितरण कार्यक्रम में शामिल महिलाएं व अन्य।

### पूजा की थाल में ले रहे अक्षत

अक्षत वितरण में लगे श्रद्धालु बैंड बाजे और भगवा ध्वज के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए लोगों के घरों तक अक्षत और प्रभु श्रीराम का चित्र देने पहुंच रहे हैं, तो वहीं लोगों के द्वारा भी भाव-विभोर होकर अक्षत लिया जा रहा है। शनिवार के दिन जब श्रद्धालु अक्षत देने के लिए लोगों के घर तक जा रहे थे तो कचहरीपारा निवासी सभी लोगों ने पूजा की थाल लेकर प्रभु श्रीराम के छायाचित्र की पूजा की, इसके बाद प्रेम पूर्वक अक्षत और आमंत्रण स्वीकार किया।

# जरुरतमंदों को बांटे गए गर्म कपड़े

**मनेन्द्रगढ़।** सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो उनको ठंड से बचा सके।

शुक्रवार को वार्ड नंबर 16 शासकीय स्कूल प्राथमिक शाला आमाखेरवा में अति गरीब बच्चे अध्ययन करते हैं जो कूड़कू मोहल्ला और केवट मोहल्ला से स्कूल आते हैं। बढ़ते ठंड के कारण इनका हाल बेहाल था, इस कारण से इनका स्कूल में आना भी कम ही हो पाता था , सभी बच्चे स्कूल पढ़ने आ सके, इस उद्देश्य से मनोज नेताम एवं उनकी पत्नी स्कूल के 47 बच्चों को गर्म कपड़ा जैकेट एवं स्वेटर दिया गया। नेताम दंपति ने बच्चों के बीच गर्म कपड़ों आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समाजसेवी मनोज नेताम ने कहा कि गरीबों के लिए सर्दी का मौसम कष्टप्रद रहता है। आज बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।



बच्चों को किया गया गर्म कपड़ो का वितरण।

### कलेक्टर संदिपान ने पदभार ग्रहण किया

**अम्बिकापुर।** राज्य सरकार द्वारा की गई प्रशासनिक सर्जरी के बाद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान ने अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर श्री संदिपान जिले के 52वें कलेक्टर है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी संदिपान इससे पूर्व मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पदस्थ रह चुके हैं। खास बात यह है कि उन्होंने नगर निगम में आयुक्त के रूप में जिले में काम किया है। आज पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात कर जिले में अपने कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा की।

# कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**एमसीबी।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर डी राहुल वेंकट की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के पत्र क्रमांक 8067 द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में आयोग द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त जारी कार्यक्रम के अनुक्रम में 6 जनवरी को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होना है। मतदाता सूची का प्रकाशन उपरांत नाम जोड़ने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म 6 भराया जाएगा। नाम सुधार, पता, सुधार, फोटो, जन्मतिथि सुधार के लिए फार्म 8 भराया जाएगा। मृत व्यक्तियों का नाम हटाने के लिए फार्म 7 भराया जाएगा। उक्त कार्य 22 जनवरी तक चलेगा। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। इसमें नाम जोड़ने-काटने एवं सुधार के लिए फार्म भराया जाएगा। 2 फरवरी तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा, 8 फरवरी को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन होगा। कार्यक्रम के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के उपस्थित अध्यक्ष, सदस्यों के समक्ष विस्तार से चर्चा किया गया एवं तिथि वार जारी आयोग द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में राजनैतिक दल ⏭ शेष पेज 4 पर

## पैकेजिंग ऐसी की असली-नकली में फर्क करना मुश्किल

# ब्रांडेड कंपनी के डुप्लीकेट मसाले बेच रहे व्यापारी, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बाजार में सामान्य तौर पर सभी ब्रांडेड कंपनियां के डुप्लीकेट डेली नीड्स के सामान मिल जाते हैं।

प्रसिद्ध कंपनियों की तरह ही पैकेजिंग कर लोगों को आकर्षक दाम पर लुभाने के लिए यह सामान स्पेलिंग में मामूली हेर-फेर कर बेच दिए जाते हैं, अगर आप भी ऐसे ही बिना जांच परख के समान उपयोग में ले लेते हैं तो सावधान होने की आवश्यकता है। दरअसल कोरिया जिले में लंबे समय से नकली मसाले का व्यापार फल-फूल रहा है। ब्रांडेड कंपनी के नाम पर चिकन और मटन मसाले बिल्कुल ओरिजिनल पैकेजिंग जैसे ही शहर और गांव की दुकानों में बेचे जा रहे हैं। इसमें दुकानदारों को तीन गुना मुनाफा होने से वह भी इसे धड़ल्ले से बेच रहे हैं। बता दें कि पुराने वर्ष की विदाई और नए साल की स्वागत के जश्न मनाने के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर




बाजार में बिक रहा डुप्लीकेट मसाला।

### 3 गुना से ज्यादा प्रॉफिट

सप्लायर से लेकर दुकानदारों को भी यह नकली मसाले मालामाल कर देते हैं। दुकानों में आमतौर पर अगर ब्रांडेड कंपनी के चिकन मसाले लिए जाए तो दुकानदारों को यह 250 रुपए में मिलते हैं, इस पर 20 से 30 रुपए तक मुनाफा होता है। वहीं ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बेचे जा रहे हैं। नकली मसाले सप्लायर को 65 रुपए पूड़ा और दुकानदारों को 140 रुपए पूड़ा की दर पर मिल जाते हैं, जिससे इसमें करीब तीन गुना तक मुनाफा होता है। यही कारण है कि गांव से लेकर शहर तक नकली चिकन और मटन मसाले की होड़ लगी हुई है।

### धोखा खा जाते हैं लोग

बाजार में बिक रहे इन मसाले के पैकेट को बेहद ध्यान से देखने पर ही असली और नकली का पता लगाया जा सकता है। ज्यादातर लोग असली और नकली में फर्क पता नहीं कर पाते। मसाले का रंग हु बहू ओरिजिनल मसाले जैसे ही होता है। यहां तक की मसाले की स्पेलिंग के साथ-साथ इस पर एफ एस एस ए आई फूड लाइसेंस नंबर और कंपनी का संपर्क नंबर भी ओरिजिनल के जैसा ही प्रिंट होता है, जिससे अच्छे खासे लोग भी धोखा खा जाते हैं।

### पड़ोसी राज्य से आता है मसाला

सूत्रों की माने तो ब्रांडेड कंपनी की तरह ही दिखने वाले इन मसाले की बड़ी खेप को पड़ोसी राज्य से लाकर यहां की छोटी बड़ी दुकानों में खपाया जा रहा है। मसाले की खेत को पहले बड़े सप्लायरों के पास फिर अलग-अलग एजेंट की सहायता से छोटे-बड़े दुकानों तक पहुंचाया जाता है। इस बीच कई बार जांच के दौरान भी लोग यह नहीं पकड़ पाए कि यह मसाले असली है या नकली। वर्ष 2021 में कटनी में ऐसे ही नकली मसाला बनाने वालों पर कार्रवाई हुई थी।

### जशपुर में लगाया जाएगा लिंक कोर्ट, आदेश जारी

**अंबिकापुर।** संभाग के जशपुर जिले में भी अब विचाराधीन प्रकरणों, अपील, पुनरीक्षण हेतु लिंक कोर्ट लगाया जाएगा। लिंक कोर्ट के लिए संभाग के उपायुक्त ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। उपायुक्त सरगुजा संभाग ने बताया कि न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग का लिंक कोर्ट जशपुर में लगाए जाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर को ज्ञापन दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि जशपुर जिले से संबंधित राजस्व प्रकरणों एवं पंचायत अपील, पुनरीक्षण प्रकरण जो न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग में विचाराधीन है। उन प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार एवं द्वितीय शुक्रवार को समय 11 बजे से लिंक कोर्ट जशपुर यानी कलेक्टर जशपुर के न्यायालय में सुनवाई किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रक व बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

**सीतापुर।** शुक्रवार को एनएच 43 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के दौरान मृतक ट्रक के पहिए के नीचे आ गया जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के तराई में बसे गांव डांगबुड़ा निवासी 34 वर्षीय रविशंकर तिर्की अपने साथी संतोष के साथ बाइक से पत्थलगांव जाने के लिए निकला था। इस दौरान बाइक एनएच 43 पर पत्थलगांव के समीप प्रकाश हाईस्कूल के समीप गलत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गए। टक्कर के दौरान बाइक सवार रविशंकर ट्रक के अगले पहिए के नीचे आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिले के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। घायल युवक का उपचार जारी है।

### बच्चों की याद आई तो मां ने खा ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** बच्चों को घर में छोड़ परिजन को बिना बताए निकली महिला को जब बच्चों की याद आई तो पीजी कॉलेज मैदान में कीटनाशक खा ली। घटना की जानकारी लगने पर सहेली ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम अनुजनगर निवासी रितु उर्फ तीजन राजवाड़े पति दीप राजवाड़े (21 वर्ष) कुछ दिनों पूर्व दो बच्चों को घर में छोड़ परिजन को बिना बताए ही घर भागकर शहर में रह रही थी। गत दिन पीजी कॉलेज मैदान में अकेली गई थी। इसी बीच सुभाष नगर निवासी सहेली सविता को फोन कर बताई की उसके दोनों बच्चों की याद आ रही है जिस कारण कीटनाशक खा ली है और उसे बचाने की बात कही। सविता को कीटनाशक खाने की जानकारी लगते ही उसने पीजी कॉलेज मैदान पहुंच उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी रितु साल 2016 में गांव के ही दीपक के साथ शादी करके उसके साथ ही अलग रहने लगी। इस बीच दो बच्चे हुए और रितु और दीपक अच्छे से रह रहे थे। पिछले साल ही परिजन को बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसका रिपोर्ट लटोरी पुलिस चौकी में दर्ज कराया गया था। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद वापस घर लौट गई थी। पूर्व की भांति कुछ दिन पूर्व ही बच्चों को घर में छोड़ परिजन को बिना बताए ही अम्बिकापुर चली गई थी और किसके साथ रहती थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### खोखरानाला बांध में डूबने से ग्रामीण की मौत

**लखनपुर।** बीती रात शौच के लिए निकले ग्रामीण की बांध में डूबने से मौत हो गई। ग्राम पुहपुटरा पण्डोपारा निवासी गुरूवार को मध्यरात्रि शौच के लिए खोखरानाला बांध की ओर गया था। सुबह उसे घर में नहीं देख परिजन ने उसकी खोजबीन की तो बांध में उसका शव मिला। परिजन पैर फिसलने के कारण उसके बांध में डूबने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। परिजन की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

उजाला समूह ने सुनाया बेटी हूं उजाला लाऊंगी

# योजना तभी सफल, जब जरूरतमंद को मिले लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा महज एक यात्रा ही नहीं बल्कि जिले के ग्रामीण इसे एक पर्व की तरह मना रहे हैं। भारत सरकार की योजनाओं को नजदीक से देख रहे हैं, समझ रहे हैं और उसका लाभ भी ले रहे हैं।

इसी कड़ी में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम आनी में आयोजित कार्यक्रम भारत सरकार के उपभोक्ता संरक्षण मामले में संयुक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा कोरिया जिले के नोडल अधिकारी अनुपम मिश्रा का स्वागत करीब 70 वर्षीय महिला ने पारंपरिक सुवागीत चल झूला झूल गोंदा के फूल गीत गाकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

विदित हो कि नोडल अधिकारी अनुपम मिश्रा विगत चार जनवरी से कोरिया जिले के सोनहत एवं बैकुंठपुर विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का निरीक्षण, अवलोकन तथा पात्र हितग्राहियों से चर्चा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत आनी में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री मिश्रा ने भारत सरकार के लगे महत्वपूर्ण योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया, तो मौके पर हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के बारे में जानकारी भी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह,जनपद सीईओ राधेश्याम मिश्रा सहित ग्राम आनी के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी एवं काफी संख्या ग्रामीणजन मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम।

### बीसी सखी से आर्थिक स्थिति मजबूत

श्री मिश्रा को बैंकिंग कॉरेस्पांडेंट बीसी सखी से जुड़ी श्रीमती कांति प्रजापति ने बताया कि उन्हें अब 15 से 20 हजार रूपए तक पारिश्रमिक मिलने से घर की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। विदित हो कि बीसी सखी का मुख्य कार्य ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाना है, इससे हर तरह के आर्थिक लेनदेन, बैंक खातों में जमा व निकासी, नए खाते खोलने की सुविधा पहुंचाना है। सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बहुत आगे बढ़ने तथा ज्यादा से ज्यादा बचत के महत्व तथा बैंक खोलवाने के बारे जानकारी देने कहा गया।

### बेटी हूं उजाला लाऊंगी

उजाला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देते हुए बहुत ही समुधर गीत बेटी हूं, लिखूंगी, पढूंगी, मेहनत करूंगी, उजाला लाऊंगी सुनाया। इस पर नोडल अधिकारी श्री मिश्रा ने प्रेरक गीत के लिए बधाई दी। श्री मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि योजनाओं का लाभ जिनकों मिले हैं, उन्हें बहुत बधाई, लेकिन उनकी जिम्मेदारी यह भी है कि वे अपने परिचितों तथा आसपड़ोस को भी इन योजनाओं से जुड़ने, उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बताएं, ताकि हर ग्रामीण सशक्त हो और सरकार की मंशा पूरा हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना तभी सफल होता है, जब हितग्राहियों को लाभ मिले, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दें, ताकि दूरस्थ अंचल में रहने वाले लोगों को भी इसका फायदा मिल सके।

# हितग्राहियों के आवेदन हो शीघ्र निराकरण

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के उपभोक्ता संरक्षण मामले में संयुक्त सचिव एवं कोरिया जिले के नोडल अधिकारी अनुपम मिश्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के निरीक्षण, अवलोकन करने के पश्चात शनिवार को विश्रामगृह बैकुंठपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री मिश्रा के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। श्री मिश्रा ने एक-एक विभाग के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की। पीपीटी के माध्यम से जिला कोरिया तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में नोडल अधिकारियों ने जानकारी दी।

**खास बात**
- संयुक्त सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा



विश्रामगृह में समीक्षा बैठक लेते संयुक्त सचिव ।

### लंबित प्रकरण को शीघ्र निराकरण

श्री मिश्रा सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि जितने भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं और लाभार्थी हितग्राहियों को और प्रोत्साहित की जाए, ताकि अन्य जरूरतमंदों को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कोरिया के सुदूर गांवों में जाकर देखा कि कितने आत्मविश्वास के साथ महिलाएं योजनाओं के लाभ लेने के बाद मंच में मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तहत जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरण को रखें नहीं बल्कि उनका शीघ्र निराकरण करें, जो पात्र हितग्राही हैं उन्हें लाभ दें और जिनका आवेदन अपात्र श्रेणी में है, उन्हें शालीनता से उनके आवेदन की वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। संयुक्त सचिव श्री मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कोरिया एवं एमसीबी जिले ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बहुत ही बढ़िया बनाया है, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी को बधाई दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति ने साबित किया है उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलने पर बहुत उत्सुक हो रहे हैं। ये सब टीम वर्क का ही नतीजा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि कल्याणकारी राज्य के अवधारणा पर जिला काम कर रही है। अवसर, समानता, धन-संपत्ति के समान वितरण तथा जो लोग अच्छे जीवन की न्यूनतम आवश्यकताओं को स्वयं जुटा पाने में असमर्थ है, उनकी सहायता करने जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। कोरिया जिला निश्चय ही सुशासन की नीति पर चल रहा है और भविष्य में भी जरूरतमंदों के बुनियादी जरूरतों का ध्यान भी रखा जाएगा। संयुक्त सचिव व नोडल अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा अनुपम मिश्रा को आश्वस्त करते हुए डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण किया जाएगा साथ ही प्राप्त आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। डॉ.चतुर्वेदी ने बताया कि 19 जनवरी से नगरीय निकाय में शुरू होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा का रूट भी तैयार किया जा रहा है। डॉ. चतुर्वेदी ने श्री मिश्रा का आभार जताते हुए कहा कि आपका मार्गदर्शन एवं सुझाव का पूर्ण पालन किया जाएगा। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत बैकुंठपुर, सोनहत के सीईओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित काफी संख्या में अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों ने दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/उदयपुर

**खास बातें**
- सल्याडीह में लोनर दंतैल ने ली ग्रामीण की जान
- दहशत में रतजगा कर रहे प्रभावित गांवों के लोग

बीती रात हाथियों ने जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने वनपरिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत ग्राम पतरापारा में एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला वहीं बगीचा से पहुंचे दंतैल ने कछारडीह जंगल में एक ग्रामीण को मार डाला। वन अमले ने सुबह पतरापारा में अज्ञात ग्रामीण का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है।


सरगुजा के विभिन्न जंगलों में भ्रमण कर रहा हाथियों का दल क्षेत्र में लगातार तबाही मचा रहा है। धान की फसल कटने के बाद भोजन की तलाश में हाथी आबादी क्षेत्र में घुस जा रहे हैं। वन अमला हाथियों की नियमित निगरानी कर रहा है लेकिन हाथियों की तबाही से राहत नहीं मिल रही है। वन परिक्षेत्र उदयपुर में एक पखवाड़े की राहत के बाद 25 दिनों से हाथियों का 9 सदस्यीय दल लगातार तबाही मचा रहा है। पिछले चार दिनों से करमझारा जंगल को अपना ठिकाना बनाने वाला हाथियों का दल बीती रात भोजन की तलाश में विकासखण्ड मुख्यालय स्थित कोसाबाड़ी में पहुंच गए। कोसाबाड़ी का भ्रमण करने के बाद हाथियों का दल ग्राम पतरापारा पहुंचा एवं घासीराम की बाड़ी में लगी अरहर व आलू की फसल से अपनी भूख मिटाई। आसपास की फसलों को तबाह करने के बाद हाथी जंगल की ओर लौट गए। सुबह ग्रामीण जगे तो बाड़ी के पास एक अज्ञात ग्रामीण का क्षत विक्षत शव देखा। ग्रामीण को हाथियों द्वारा कुचलने की संभावना पर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पीएम कराया। मृतक की पहचान नहीं होने के कारण शव मरच्यूरी में रखवाया गया है। ग्रामीण कहा का निवासी है तथा किस उद्देश्य से मध्यरात्रि गांव पहुंचा था इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। हाथियों ने मृतक को इस कदर कुचल दिया है कि उसका चेहरा भी क्षत-विक्षत हो गया है तथा पेट की आंतड़ी बाहर निकल गई है।

# 13 एवं 14 जनवरी को विशेष सुक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य

**बैकुण्ठपुर।** जिले के संभावित कुल जनसंख्या 318175 के विरुद्ध विधानसभा निवार्चन क्षेत्र 3 बैकुंठपुर के 168224 एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 1 भरतपुर-सोनहत के सोनहत क्षेत्र में 36384 इस प्रकार कुल 204608 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, इनमें से 102287 पुरुष, 102315 महिला एवं 6 तृतीय लिग शामिल है। कुल मतदाताओं में से 5869 ऐसे मतदाता पंजीकृत है, जिनकी उम्र 18-19 के बीच है।

**खास बात**
- नए मतदाता को नाम दर्ज कराने का अवसर

विदित हो कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 1 जनवरी के परिपेक्ष्य में जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शनिवार को जिले के सभी 306 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है, इसी के साथ सभी पंजीकृत मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकेंगे एवं जिनका नाम नहीं जुड़ा है आवेदन कर सकेंगे। इस पुनरीक्षण के दौरान ऐसे सभी मतदाता जो 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, उसके अतिरिक्त वे सभी जो आगामी 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करेंगे अपना अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। ऐसे सभी अग्रिम आवेदनों का निराकरण निर्धारित 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर स्वतः करते हुए मतदाता के रुप में पंजीकृत कर दिया जाएगा। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 13 जनवरी व 14 जनवरी को विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही इसकी एक प्रति सभी राजनैतिक दलों को बैठक आयोजित कर उपलब्ध करा दी गई है, ताकि अपने बुथ लेवल एजेंट नियुक्त कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्रवाई में सहभागी बने एवं सभी अपना नाम मतदाता सूची में परीक्षण करा सकते हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी पात्र मतदाता वोटर पोर्टल वेबसाइट अथवा वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्प से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, इसके अतिरिक्त निकटतम मतदान केन्द्र व तहसील तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एसडीएम कार्यालय में भी आवेदन कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी नागरिकों से अपील है कि आनलाईन अथवा निर्धारित क्षेत्र में प्रदर्शित मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम का परीक्षण कर लें एवं सभी पात्र अपना नाम जुड़वाने के लिए 6 से 22 जनवरी तक दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे उनका नाम मतदाता सूची के रूप में दर्ज किया जा सके।



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक ।

## पृष्ठ 3 का शेष

### विद्यार्थियों को तनाव ...

कार्यक्रम देखने विशेष व्यवस्थाः प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने के लिए सभी विद्यालयों में विशेष व्यवस्था की जाती है। संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखने की व्यवस्था की जाए। इस निर्देश के कारण ही विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखने की व्यवस्था कही विद्यालयों में तो कही गांव के किसी व्यक्ति के घर जहां टीव्ही मौजूद है किया जाता है और सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम दिखाया जाता है।

### कलेक्टर ने लोकसभा ...

के भाजपा से रामनरेश राय, कांग्रेस से सौरभ मिश्रा, बीएसपी से हीरालाल, भुवनेश्वर प्रसाद, ईआरओ एमसीबी श्रीमती अभिलाषा पैकरा, ईआरओ चिरमिरी बीएस मरकाम, ईआरओ नीरज कांत तिवारी, तहसीलदार एमसीबी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों को बीएल, नियुक्त करने के लिए आवश्यक फार्म का वितरण किया गया।

### ब्रांडेड कंपनी ...

जिले में मांस-मछली की बिक्री बढ़ी है। लोग जायके के लिए ब्रांडेड कंपनियों के मसाले खरीद रहे हैं। ऐसे में उन्हें मालूम ही नहीं चल पाता कि जो मसाले वे खरीद कर खाने जा रहे हैं वह ब्रांडेड कंपनी के जैसे ही दिखने वाला नकली मसाला है। इन मसाले को खरीद कर उपयोग करने वाले लोग खराब स्वाद की शिकायत करते हैं। नॉनवेज खाने के शौकीन लोगों के लिए 5 रुपए में बिकने वाले यह मसाले सैकड़ों रुपए के नॉनवेज को बेस्वाद कर देते हैं। हालांकि जिले का खाद विभाग इस मामले में कार्रवाई करने से बच रहा है। वहीं नकली मसालों की बिक्री को रोकने में खाद विभाग की ढिलाई से मामले को जान बूझकर दबाने के आरोप लग रहे हैं।

# बिंझिया समाज के कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

**बिश्रामपुर/मानीचौक।** अधिकार वंचित आदिवासी संघर्ष समिति द्वारा 9 जनवरी को अखिल भारतीय बिंझिया समाज का महासम्मेलन ग्राम जमदेई में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में छ.ग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। आयोजन के पूर्व की तैयारी का जायजा लेने के लिए सूरजपुर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर रोहित व्यास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हेलीपैड और कार्यक्रम के लिए बने मंच का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर एसपी आई. कल्याण ऐलिसेला, डीएफओ पंकज कमल, जिपं सीईओ लीना कोसम, एसडीएम लक्ष्मण तिवारी, पीएचई एसडीओ, जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, यातायात प्रभारी राजाराम राठिया, बिश्रामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, बंटेश्वर सारथी व अन्य उपस्थित थे।

- 9 जनवरी को ग्राम जमदेई में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री होंगे शामिल



* **बिश्रामपुर।** भरतपुर-सोनहत की विधायक व पूर्व सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह का जन्म दिवस ज्ञानोदय मुक बधिर विद्यालय में बच्चों के साथ मनाया गया। मुक बधिर बच्चों के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहां पर केक काटकर बच्चों को फल वितरण किया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर बच्चों के बीच सांकेतिक रूप से श्रीमती रेणुका सिंह की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें बधाई देते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।







न्यायालय नायब तहसीलदार/ तहसीलदार नजूल मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
(सुरेखा दास व अन्य 01 प्रति छ.ग. शासन)
//ईश्तहार//
रा.प्र.क्रं. 202304330400018/अ-20 (1)/2022-23

सर्व साधारण जनता ग्राम/नगर मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 1(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत् आवेदिका सुरेखा दास आ. स्व. डेनियल दास एवं कु. चित्ररेखा दास आ. डेनियल दास, दोनों निवासी वार्ड नं. 05 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ के द्वारा नगर मनेन्द्रगढ़ में स्थित नजूल भूमि भूखण्ड क्रमांक 100/1 में से रकबा 107X11=1177 वर्गफिट भूमि जिस पर आवेदिकागण द्वारा दिनांक 20 अगस्त 2017 के पूर्व से मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है, उसके व्यवस्थापन/आबंटन हेतु आवेदन पत्र नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत किये है। उक्त प्रकरण जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को आपत्ति/दावा पेश करना है तो दिनांक 15/01/2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

नायब तहसीलदार/तहसीलदार नजूल मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)







